ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 214

हाईकोर्ट- डाकू बनकर लूट रहे हो, जंगलराज बना दिया:तस्कर से रिश्वत मामले में 3 पुलिसकर्मी-ACB अधिकारी को सस्पेंड करने के आदेश



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर. एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) मामले में 35 लाख रिश्वत के आरोप में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जोधपुर कमिश्नरेट 3 एसएचओ को सस्पेंड के आदेश दिए हैं। साथ ही, ACB की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। मामले में कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- अगर कोई तस्कर है तो क्या आप डाकू बनकर लूट लेंगे उसे? जंगल राज बना दिया सबने मिलकर। ऐसे तो पुलिस और एसीबी का विश्वास उठ जाएगा लोगों में। 35 लाख रिश्वत लेने का आरोप जनवरी माह में डोडा पोस्त तस्कर से तत्कालीन विवेक विहार, बासनी और बोरानाडा थाना अधिकारियों पर 35 लाख रिश्वत लेने का आरोप लगा था। मामला दर्ज होने पर एसीबी से जांच करवाई गई थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने ACB की जांच को भी संदिग्ध मानते हुए जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट जस्टिस फरजंद अली खान की कोर्ट ने मामले में इस मामले में सख्ती दिखाई। थानाधिकारी, जांच अधिकारी और एक अन्य एसएचओ को सस्पेंड करने के दिए आदेश जारी किए हैं। मामले में एसीबी के जांच अधिकारी की भूमिका को भी संदिग्ध माना है। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि वह एसीबी के जांच अधिकारी सहित इस मामले में सभी संदिग्धों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। इसी मामले को लेकर अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने जांच का रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया गया है और एसीबी को नोटिस जारी किया।

यह था मामला

जानकारी के अनुसार, इस साल जनवरी माह में बोरानाडा थाने में डोडा पोस्त के तस्कर को पकड़ा था। इसमें मुकेश और सत्यनारायण सुथार का नाम सामने आया था। पुलिस की कार्रवाई के दौरान तस्करों ने 29 जुलाई को बोरानाडा पुलिस के खिलाफ रिश्वत का मामला दर्ज करवाया। जुलाई माह में एसीबी अधिकारी के पास हेडक्वार्टर से इसकी जांच के आदेश आए थे। इसी मामले पर कोर्ट ने आज मौखिक टिप्पणी की और अगली तारीख दी है।

कोलकाता केस, CBI बोली- ट्रेनी डॉक्टर का गैंगरेप नहीं हुआ:चार्जशीट में संजय रॉय को इकलौता आरोपी बनाया



24 न्यूज अपडेट

कोलकाता. कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में CBI ने पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें एजेंसी ने ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप की आंशका को नकार दिया है। एजेंसी का कहना है कि वारदात को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया था। करीब 100 गवाहों के बयानों और 12 पॉलिग्राफ टेस्ट करने के बाद CBI इस नतीजे पर पहुंची।

पुलिस ने संजय को घटना के अगले दिन 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीड़ित की अर्धनग्न डेडबॉडी मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि विक्टिम की दोनों आखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। गर्दन की हड्डी भी टूटी थी। हालांकि, संजय अब तक खुद को बेगुनाह बता रहा है।

संजय को पुलिस ने CCTV फुटेज से पहचाना था। फुटेज में वह 9 अगस्त की सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाते दिखाई दिया। इस दौरान उसने कानों में ईयरफोन लगाया हुआ था। करीब 40 मिनट बाद वह हॉल से बाहर निकला तो उसके पास ईयरफोन नहीं था। पुलिस को क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ ईयरफोन मिला था, जो उसके फोन से कनेक्ट हो गया था। वहीं, इस घटना को लेकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जूनियर डॉक्टर लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं। 6 जूनियर डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। धर्मतला इलाके में डोरिना क्रॉसिंग पर जारी भूख हड़ताल का आज तीसरा दिन है।

मेडिसिन का नोबेल दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को:माइक्रो RNA की खोज के लिए मिला सम्मान, ये कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों की पहचान में मददगार



24 न्यूज अपडेट

स्टॉकहोम. नोबेल प्राइज 2024 के लिए विजेताओं की घोषणा आज यानी सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू हो गई है। आज मेडिसिन या फिजियोलॉजी के क्षेत्र में नोबेल प्राइज की घोषणा की गई है। 2024 के मेडिसिन का नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिला है। उन्हें ये प्राइज माइक्रो RNA (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है। माइक्रो RNA से पता चलता है कि शरीर में कोशिकाएं कैसे बनती और काम करती हैं। दोनों जीन वैज्ञानिकों ने 1993 में माइक्रो RNA की खोज की थी। इंसान का जीन DNA और RNA से बना होता है। माइक्रो RNA मूल RNA का हिस्सा होता है। ये पिछले 50 करोड़ सालों से बहुकोशिकीय जीवों के जीनोम में विकसित हुआ है। अब तक इंसानों में अलग-अलग तरह के माइक्रो RNA के एक हजार से ज्यादा जीन की खोज हो चुकी है।

माइक्रो RNA के बारे में 3 बड़ी बातें...

इंसान के शरीर में माइक्रो RNA के बिना सेल और टिश्यू डेवलप नहीं हो सकते। माइक्रो RNA में असाधारण बदलाव होने की वजह से कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। माइक्रो RNA की जीन कोडिंग में म्यूटेशन होने की वजह से इंसान के शरीर में सुनने की क्षमता, आंखों और शारीरिक बनावट में समस्या आती है। रुवकुन को गहरी नींद से जगाकर बताया नोबेल मिला है गैरी रुवकुन को नोबेल प्राइज के बारे में बताने के लिए जब फोन किया गया तो वो गहरी नींद में थे। नोबेल कमेटी ने उन्हें नींद से जगाकर प्राइज मिलने की जानकारी दी। 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक विज्ञान, अर्थशास्त्र, साहित्य और शांति जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले लोगों को नोबेल प्राइज दिया जाएगा।

ये प्राइज स्वीडन के स्टॉकहोम में दिए जा रहे हैं। नोबेल प्राइज में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर यानी लगभग 8.90 करोड़ रुपए का कैश प्राइज दिया जाएगा।

चेन्नई एयर शो में 5 की मौत:मंत्री बोले- गर्मी से जान गई; विपक्ष बोला- लोग 10 किमी पैदल चले, पानी नहीं था, CM की सेवा हो रही थी



24 न्यूज अपडेट

चेन्नई. चेन्नई के मरीना बीच पर रविवार को वायुसेना के एयर शो के दौरान 5 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु में इन मौतों को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। राज्य के हेल्थ मिनिस्टर सुब्रमण्यन ने कहा कि, '15 लाख लोगों की भीड़ थी, गर्मी ज्यादा थी इसलिए 5 लोगों की मौत हुई। एयर फोर्स ने जितनी फैसिलिटी मांगी, उससे ज्यादा मुहैया कराई गई थीं।' सुब्रमण्यन ने कहा- कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों और नर्सों के साथ दो मेडिकल टीमें तैनात थीं। साथ ही 40 एम्बुलेंस भी खड़ी थीं। उन्होंने यह भी कहा कि मरीना बीच पर पैरामेडिकल टीमों और पीने के पानी की भी व्यवस्था की गई थी। अस्पताल में जाने से पहले ही सभी मौतें हुई हैं। AIADMK नेता कोवई सत्यन ने कहा, 'अगर स्वास्थ्य मंत्री में थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। लोगों को 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। प्रशासन CM स्टालिन, उनके बेटे और परिवार की सेवा में लगा हुआ था। वे AC टेंट में बैठे हुए थे। सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।' मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने 5 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले हुआ एयर शो

8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले 6 अक्टूबर को चेन्नई में एयर शो हुआ था। इसे देखने के लिए मरीना बीच पर 15 लाख लोग जमा हुए। भारी भीड़ और गर्मी के चलते पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से ज्यादा लोग बेहोश हो गए। एयर शो का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है।

कोलकाता की ऐतिहासिक ट्राम की विदाई, अब सफर नहीं कर पाएंगे लोग



24 न्यूज अपडेट

कोलकाता: पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने शहर की सबसे पुरानी और सबसे सस्ती सार्वजनिक परिवहन प्रणाली ट्राम को अपनी सड़कों से हटाने का फैसला किया है. कोलकाता में ट्राम को परिवहन के साधन से हटा कर सिर्फ विरासत के रूप में सीमित किया जा रहा है. ट्राम सालों से भारतीय शहरों का एक अभिन्न अंग रहे हैं ।

अंग्रेजों द्वारा शुरू किए गए इस परिवहन के साधन ने दिल्ली, बॉम्बे (अब मुंबई), मद्रास (अब चेन्नई) और यहां तक कि नासिक या भावनगर जैसे छोटे शहरों में भी पीढ़ियों से लोगों को ढोया है ।

कोलकाता के इस शहरी परिवहन के साथ जुड़ाव को जानने के लिए, हमें अतीत में समय यात्रा करनी होगी और 24 फरवरी, 1873 को जाना होगा. आज ही के दिन 151 साल पहले, कोलकाता की पहली ट्राम, जो कि एक घोड़ागाड़ी थी, हुगली नदी के किनारे सियालदह और अर्मेनियाई घाट के बीच लगभग 3.9 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए चली थी. कुछ शुरुआती रुकावटों के बाद, जिसके कारण शुरुआती दिनों में ट्राम सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था. उसके बाद ट्राम नवंबर,1880 में कोलकाता की सड़कों पर लौट आई. इस बार ट्राम यात्रियों को बिठाकर अधिक दूरी तय कर रही थी. इस बार ट्राम सियालदह से बोबाजार और फिर डलहौजी स्क्वायर होते हुए अर्मेनियाई घाट तक यात्रियों को सेवा दे रही थी. उसके अगले ही महीने, 20 दिसंबर, 1880 को कलकत्ता ट्रामवेज कंपनी का गठन और लंदन में पंजीकरण किया गया. अपने उद्घाटन के बाद से, कोलकाता की सड़कों पर ट्राम की पटरियां हुगली नदी के पार पड़ोसी हावड़ा तक फैल गईं और घोड़े से खींची जाने वाली गाड़ियों से यह 1900 तक पूरी तरह से बिजली से चलने वाली ट्राम कार सेवा बन गई. इस बीच में भाप इंजन का दौर आया, हालांकि, यह ज्यादा समय तक के लिए नहीं था । 1969 तक कोलकाता की सड़कों पर ट्राम की कुल लंबाई डिपो और टर्मिनस को छोड़कर 70.74 किलोमीटर हो गई थी. 1982 में लकड़ी के डिब्बों को स्टील बॉडी वाली कारों से बदल दिया गया और 2008 में पॉलीकार्बोनेट शीट वाली फिक्स्ड ट्राम शुरू की गईं. इसके नवीनतम जोड़ में, कई जुड़वां कोच वाली ट्राम को घटाकर सिंगल कोच वाली कर दिया गया और 2013 में, वातानुकूलित ट्राम भी कोलकाता की सड़कों पर बनी पटरियों पर दौड़ती दिखाई दी. हालांकि, राज्य में कांग्रेस, वाम मोर्चा या तृणमूल कांग्रेस की सरकार के समय ट्राम की रूट की लंबाई लगातार घटती ही चली गई।

सेंसेक्स 638 अंक गिरकर 81,050 के स्तर पर बंद:निफ्टी में भी 218 अंक की गिरावट रही, BSE स्मॉल कैप 1,827 अंक टूटा



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 7 अक्टूबर को सेंसेक्स 638 अंक की गिरावट के साथ 81,050 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 218 अंक की गिरावट रही, ये 24,795 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, BSE स्मॉल कैप 1,827 अंक गिरकर 54,117 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 40 में गिरावट और 10 में तेजी रही। NSE के IT सेक्टर को छोड़कर सभी गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में तेजी रही HDFC बैंक, रिलायंस, SBI और एक्सिस बैंक ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। जबकि, ITC, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.80% की तेजी रही। वहीं हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.60% और कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.58% की बढ़त के साथ बंद हुआ। 4 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.81% चढ़कर 42,352 पर और नैस्डैक 1.22% चढ़कर 18,137 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.90% चढ़कर 5,751 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 4 अक्टूबर को 9,896.95 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 8,905.08 करोड़ के शेयर खरीदे।

संपादकीय : आलोचना का अधिकार

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी पत्रकारिता कर रहे लोगों के लिए सुकूनदेह हो सकती है कि सरकार की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। हालांकि देखने की बात है कि सरकारें इस बात को कहां तक स्वीकार कर पाती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के एक पत्रकार के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई करते हुए की। इस संबंध में अदालत ने संविधान के अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े अनुच्छेद की याद भी दिलाई और पत्रकार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया। दरअसल, सरकारों को अपनी आलोचना कभी रास नहीं आती, मगर पिछले कुछ वर्षों में सरकारें इसे लेकर प्रकट रूप में सख्त नजर आने लगी हैं। सरकार के खिलाफ अखबारों में खबरें, लेख या कोई वैचारिक टिप्पणी करने पर कई पत्रकारों को प्रताड़ित करने की घटनाएं देखी गई हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें जमानत मिलनी मुश्किल होती है। इस धारा के तहत कई पत्रकार अब भी सलाखों के पीछे हैं। कुछ मामलों में पहले भी सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि सरकार की आलोचना देशद्रोह नहीं माना जा सकता। मगर किसी सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। कुछ राज्यों में ऐसे भी उदाहरण हैं, जब सरकार की किसी नीति या फैसले की आलोचना करने पर पत्रकारों को पकड़ कर थाने में बंद किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। दरअसल, इस तरह की कोशिशें सच्चाई को सामने लाने से रोकने के लिए की जाती हैं। जबकि स्वस्थ लोकतंत्र का तकाजा है कि पत्रकारीय आलोचना को प्रोत्साहित किया जाए। इससे सरकारों को अपनी नीतियों के निर्धारण, योजनाओं के संचालन आदि में सुधार करने का अवसर मिलता है। आलोचना को रोक कर गलत नीतियों को चलाते रहना एक तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास ही होता है। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता । किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है । पत्रकारिता यही करती है । वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती है तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। किसी देश की पत्रकारिता कितनी स्वतंत्र है और कितने साहस के साथ अपने सत्ता प्रतिष्ठान की आलोचना कर पा रही है, इससे उस देश की खुशहाली का भी पता चलता है। यह अकारण नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में विश्व खुशहाली सूचकांक में भारत निरंतर नीचे खिसकता गया है। इसलिए कि खुशहाली नापने के पैमाने में एक बिंदु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी होता है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कोई देश अपनी आर्थिक तरक्की का तुमार तो खूब बांध ले पर खुशहाली के मानकों पर गरीब कहे जाने वाले देशों से भी पीछे नजर आए। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी।

नक्सल पर नकेल

छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में नक्सली विद्रोहियों के खिलाफ लंबे समय से सुरक्षा बलों का अभियान जारी है, मगर थोड़े- थोड़े अंतराल पर घात लगा कर हमला करने और उसमें जवानों की मौत की घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि इस बीच सुरक्षा बलों ने काफी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है या फिर उन्हें कानून के शिकंजे में लिया है। शुक्रवार को सुरक्षा बलों के संयुक्त दल को एक अहम कामयाबी तब मिली जब उसने अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में 30 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि इससे पहले नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके बाद उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई। इस घटना में एक खास पहलू यह भी है कि मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित रहे। इसके बाद घटनास्थल पर एके- 47 और एसएलआर राइफलों सहित भारी मात्रा में घातक हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। इससे पहले अप्रैल में हुई एक मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। पिछले कुछ महीने में सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में माओवादी हमलों को नाकाम कर दिया और कई नक्सलियों को मार गिराया। अबूझमाड़ के जंगलों में ताजा मुठभेड़ में एक पहलू यह भी है कि घटनास्थल से घातक हथियार बरामद किए गए। हालांकि माओवादी समूहों के पास इतने बड़े पैमाने पर घातक हथियारों का होना कोई हैरानी की बात नहीं है, लेकिन सवाल है कि जब छत्तीसगढ़ में जंगली इलाके के बाहर निगरानी और सुरक्षा का घेरा सख्त है, तब माओवादी समूहों के पास इतनी बड़ी तादाद में घातक हथियार कैसे पहुंच जाते हैं ! जो हो, सुरक्षा बलों की विशेष टुकड़ियों ने नक्सली हमलों का सफलता से सामना किया है और उन्हें कमजोर करने के प्रयास जारी है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नक्सलवाद की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए इन समूहों के हिंसक हमलों का सामना करने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी जनकल्याण के लिए नीतिगत और जमीनी स्तर पर ठोस पहल करने की जरूरत है, ताकि ऐसे संगठनों को अभाव से जूझती आबादी के बीच पांव जमाने से दूर किया जा सके।

जहां दिखना चाहिए वहां नहीं दिख रहे, जहां नहीं दिखने चाहिए वहां हो रहे पैंथर के दर्शन लाभ



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। जहां वन विभाग की टीमें पेंथर को तलाश रही है उस जगह अभी तक नहीं दिखा है जबकि दूसरे जंगलों में पेंथर का मूवमेंट देखा जा रहा है। आज गोगुन्दा के नांदेशमा में मुख्य सड़क मार्ग पर अंबा माता मंदिर के पास एक बार फिर से पैंथर दिखाई दिया। यह पैंथर झाड़ियों से निकलकर रोड किनारे टहलता हुआ नजर आ रहा है। गोगुंदा के पास नांदेशमा क्षेत्र में जहां से सड़क किनारे से पेंथर गुजर रहा है उसके आगे ही गरबा कार्यक्रम चल रहा है। पेंथर सड़क किनारे आगे बढ़ता जा रहा था। जैसे ही गाड़ियों की लाइट उसकी आंखों पर पड़ी तो वह झाड़ियों में जाता है और वापस बाहर आ जाता है। नांदेशमा के कैलाश पालीवाल ने अपनी कार में ये पेंथर का यह वीडियो बनाया। देर रात वे जसवंतगढ़ से घर जा रहे थे। इस बीच रास्ते में उनको पेंथर दिखाई दिया। दो बार पहले भी दो राहगीरों कृष्ण गोपाल पालीवाल और हितेष वैष्णव ने भी पैंथर के इसी प्रकार के वीडियो बनाए। लगातार मुख्य सड़क मार्ग पर पैंथर की मूवमेंट से ग्रामीण दहशत में हैं। इस जगह पर पेंथर के मूवमेंट की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी है। लोगों ने यहां पर पिंजरा लगाने की मांग की है। इससे पहले शनिवार रात को भी बड़ी तालाब के बाहुबली हिल्स इलाके में पैथर टहलता हुआ नजर आया था। यहां से गुजरते हुए कार सवार युवकों ने उसका यह वीडियो बनाया। इधर, उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर स्थित ऋषभदेव के पास भी लेपर्ड ने दो बछड़ों का शिकार कर लिया। यहां पगल्याजरी रिछा गोड घाटा पर कमलेश नाथ पुत्र लक्ष्मण नाथ के बाड़े में सुबह करीब 4 बजे लेपर्ड ने बैल और गाय के बछड़े को मार दिया। बताते है कि लेपर्ड दोनों बछड़ों को घर से करीब 200 मीटर खीच कर ले गया।

पिता ने बेटी को बेचा, खरीदार करते रहे रेप:4 महीने तक बंधक बनाकर रखा; रात में भागकर थाने पहुंची



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. बांसवाड़ा में एक पिता ने बेटी का सौदा कर दिया। खरीदार ने उसे 4 महीने तक बंधक बनाकर रखा और रेप करता रहा। तीन दिन पहले लड़की चुपके से घर से निकल गई और सीधे थाने पहुंच गई। उसने पुलिस को आपबीती सुनाई। मामला बांसवाड़ा जिले के भूंगड़ा थाना इलाके के एक गांव का है।

भूंगड़ा थाना इंचार्ज रमेश चंद्र ने बताया- यह गंभीर अपराध का मामला है। इसे देखते हुए त्वरित जांच शुरू की है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया- 4 महीने पहले मेरे पिता ने मुझे गांव के ही कुछ लोगों के साथ मिलकर प्रतापगढ़ जिले के एक गांव के युवक को बेच दिया था।

परिवार के लोगों ने मुझे बताया कि युवक के साथ पिता ने सौदा कर लिया है। मुझे यह भी कहा गया कि अब युवक की पत्नी बनकर रहना है। कुछ दिन बाद युवक व उसके साथ कुछ लोग लड़की के घर आए और कार में जबरन बैठाकर ले गए।

इसके बाद युवक के घर में बंधक बनाकर रखा गया। धमकी दी गई कि भागने की कोशिश की तो जान से मार देंगे। इस दौरान उसके साथ 4 महीने तक रेप होता रहा।

4 अक्टूबर की रात लड़की घर से भाग निकली। रातभर जंगल में भटकने के बाद वह सुबह बस में बैठकर भूंगड़ा थाना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई।

स्पा सेंटर पर पकड़ा देह व्यापार 5 विदेशी युवतियां गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.जयपुर। जयपुर में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने देह व्यापार के रैकेट में शामिल 5 विदेशी युवतियों सहित 8 जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गिरधर मार्ग जवाहर सर्किल पर होटल केजी रेजीडेंसी में ब्लैक आउट स्पा में मसाज के आड़ में विदेशी युवतियों से देह व्यापार हो रहा हैं स्पा सेंटर में देह व्यापार का रैकेट की सूचना पर पुलिस की स्पेशल टीम बनाई गई। स्पा सेंटर पर पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा व ढाई हजार रुपए में सौदा तय हो गया। बोगस ग्राहक बनकर गए पुलिसकर्मी ने टीम को संकेत देते हुए मिस्ड कॉल किया। पुलिस टीम पहले से तैयार थी। स्पा सेंटर पर धावा बोल दिया व एक कमरे में बोगस ग्राहक के साथ विदेशी युवती मिली। दूसरे में एक लड़के के साथ अर्धनग्न हालत में विदेशी युवती थी। सेक्स रैकेट चलने पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने स्पा सेंटर में मिली थाइलैंड की पांच युवतियों सहित 8 जनों को गिरफ्तार किया। डीसीपी (ईस्ट) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुष्पेन्द्र शर्मा (20) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर, यशवंत सिंह (20) निवासी पडिहारा चुरू और हेमंत (29) निवासी दूनी टोंक को गिरफ्तार किया गया है। स्पा सेंटर में मिली थाइलैंड की 5 युवतियों को देह व्यापार में शामिल होने पर गिरफ्तार किया गया है।

डूंगरपुर जिले के 395 विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जाति के व्यक्ति हुए लाभान्वित



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके सपनों को साकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभांवित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता के सपने को साकार करने हेतु सेवा भाव को सर्वोच्च स्थान देते हुए गरीबों के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डूंगरपुर जिले में भी 395 विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री बाबू लाल खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों एवं वंचितों को आगे लाने का काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि अंतिम पंक्ति में बैठा हुआ व्यक्ति भी साधन संपन्न तथा देश की मुख्य धारा में सम्मिलित हो। इसी पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु, विमुक्त वर्ग के व्यक्तियों को स्थाई आशियाना देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, जनधन खाता सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने के लिए किए गए प्रयासों के बारें में जानकारी दी। पंचायत समिति भवन सागवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 395 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु वर्ग के व्यक्तियों को मौके पर ही पट्टे देकर लाभान्वित किया गया। पट्टा लेने के बाद लाभार्थियों के चेहरे खिल गए।

स्वच्छता दुतों का हुआ सम्मान

इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन के अवसर पर 45 उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईकर्मियों एवं स्वच्छता कार्मिकों को भी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला परिषद की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न जनप्रतिनिधि, लाभार्थी एवं अधिकारीगण मौजूद रहें।

डॉ. चौहान बने योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान के उपाध्यक्ष



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुरं। योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान की चुनावी सभा जयपुर में सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें सत्र 2025 से 2029 तक के लिए कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें उदयपुर से डॉ दिलीप सिंह चौहान को योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान का उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ दिलीप सिंह चौहान उदयपुर योग संघ के सचिव एवं निदेशक शारीरिक एवं योग शिक्षा विभाग माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी कॉलेज जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय भी हैं।

विश्व वास्तुकला दिवस मनाया विशेषज्ञ वास्तुकारों ने विद्यार्थियों को बताया वास्तुकला का महत्व



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 अक्टूबर। विश्व वास्तुकला दिवस सोमवार को विविध आयोजनों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कश्ती फाउंडेशन और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट के तत्वावधान में जिला मुख्यालय के समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थूर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्केच आर्टिस्ट और वास्तुकार सुनील लड्ढा, वास्तुकार संजीव गुप्ते, रोहित सेन व मानसी गांधी ने विद्यार्थियों को वास्तुकला का इतिहास, वर्तमान युग में वास्तुकला के बदलते स्वरूप और उपयोगिता के साथ एवं वास्तु शास्त्र के बारे में रोचक जानकारी दी।

वास्तु उपकरणों ने जगाया सम्मोहन :इस अवसर पर वास्तुकार सुनील लड्ढा ने वास्तुकला के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए पीपीटी और वास्तु उपकरणों के माध्यम से विभिन्न तकनीकी पहलुओं के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर आज के दौर में आमजन की पसंद के अनुरूप भवन या अन्य स्ट्रक्चर के संबंध में नक्शा बनाकर एवं वास्तुकार के लिए विभिन्न उपयोगी उपकरणों का उपयोग बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। लड्ढा ने उभरते वास्तुकारों द्वारा किए गए नवाचारों के बारे में बताया और वास्तुकला को करियर के अवसर के रूप में भी लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर ख्याति प्राप्त वास्तुकारों को अपने बीच पाकर विद्यार्थी भी अचंभित और उत्साहित हुए।

इस मौके पर वास्तुकार संजीव गुप्ते ने वास्तुपुरुष व वास्तुकला के सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला। रोहित सेन व मानसी गांधी ने वार्ताओं में वास्तुशास्त्र की प्रकृति के साथ तादात्म्य और प्राचीनकाल की वास्तु प्रविधियों के बारे में बताया और वास्तुकला से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्य दीपक गौर ने स्वागत उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

दिव्यांग कल्याण दिवस के साथ हुआ समाज कल्याण सप्ताह का समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 अक्टूबर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समाज कल्याण सप्ताह का समापन दिव्यांग कल्याण दिवस के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश कुलदीप शर्मा, विशिष्ट अतिथि सामाजिक सुरक्षा अधिकारी हर्षित पंचोली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने की।

मुख्य अतिथि शर्मा ने दिव्यांगजन के विधिक हक एवं देय सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए दिव्यांगजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया। संयुक्त निदेशक भटनागर ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विशेष योग्यजन विवाह योजना, विशेष योग्यजन ऋण योजना आदि की जानकारी देकर पात्रजनों को लाभ लेने की प्रक्रिया बतायी। अतिथियों ने चयनित दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, केलीपर्स एवं वॉकर जैसे सहायक अंग उपकरण वितरित किये। आभार राकेश शर्मा ने जताया। कार्यक्रम में संतोष मेनारिया, हितेष पंवार एवं अनिल कुमार ने सहयोग दिया। इससे पूर्व संयुक्त निदेशक भटनागर ने नारायण सेवा संस्थान परिसर बड़ी में संचालित विशेष विद्यालय का निरीक्षण कर आवष्यक दिषा-निर्देष प्रदान किये।

मंत्रियों की कमेटी ने माना SI भर्ती में गड़बड़ी हुई:रद्द होगी या नहीं? अभी फैसला नहीं; कानून मंत्री बोले- जल्द गुड न्यूज मिलेगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. सब इंस्पेक्टर(SI) भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने या नहीं करने को लेकर बनी मंत्रियों की कमेटी ने इसमें भारी गड़बड़ी मानी है। बैठक में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप(एसओजी) एडीजी वीके सिंह ने अब तक हुई गिरफ्तारियों और गड़बड़ी के सबूतों पर प्रेजेंटेशन दिया। फिलहाल कमेटी एसओजी से मिली रिपोर्ट पर विचार कर रही है। सोमवार को हुई पहली बैठक में कमेटी ने कोई फैसला नहीं किया। अब अगली बैठक 10 अक्टूबर को होगी।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कैबिनेट सब कमेटी के संयोजक और कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- हमारे सामने रिपोर्ट रखी गई। हमारे लिए भी यह नई चीज थी। जोगाराम पटेल ने कहा- अब तक 100 से ज्यादा गिरफ्तारी हुई। कई और लोग भी रडार पर है। पूरी जिम्मेदारी से कह सकता हूं कि कांग्रेस के राज में जो कारनामे हुए हैं, वह सब जनता के सामने लेकर आएंगे। अभी छोटी-छोटी मछलियां पकड़ी हैं। आगे बड़े मगरमच्छ पकड़े जाएंगे। जल्द ही अच्छी खबर मिलेगी। वादा किया था एसआईटी गठित करेंगे। सरकार में आते ही एसआईटी गठित की। एसआईटी ने अच्छा काम किया है। कई मामलों का संकलन एसआईटी ने किया है।

6 मंत्रियों की कमेटी बनाई थी

SI भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने या नहीं करने पर फैसले के लिए पिछले दिनों कानून मंत्री जोगाराम पटेल के संयोजन में 6 मंत्रियों की कमेटी बनाई थी। कैबिनेट सब कमेटी में पटेल के साथ स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री डॉ मंजू बागमार को मेंबर बनाया गया था।

दरअसल, 2021 की भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। बड़ी तादाद में ट्रेनी एसआई को एसओजी ने नकल करने, डमी कैंडिडेट बैठाने और फर्जी तरीके से परीक्षा पास करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। किरोड़ी लाल मीणा ने भी पिछले दिनों मुख्यमंत्री के एसीएस से मिलकर एसआई भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग की थी। कई अभ्यर्थी भी इस परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

कमेटी की रिपोर्ट सौंपने की डेडलाइन नहीं, ऐसे में वक्त लगने की संभावना कैबिनेट सब कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कोई डेडलाइन फिक्स नहीं की है। कमेटी इस मुद्दे पर वक्त लगा सकती है। ऐसे में रणनीतिक तौर पर इस मुद्दे का समाधान होने तक रिपोर्ट पैंडिंग भी हो सकती है।

गुजरात में सड़क हादसे में 3 की मौत, 54 जख्मी ड्राइवर रील बना रहा था, टोकने पर भी नहीं माना



24 न्यूज अपडेट

अंबाजी (गुजरात).गुजरात के प्रसिद्ध तीर्थस्थल अंबाजी में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 54 से ज्यादा घायल हो गए। 5-6 लोगों की हालत गंभीर है। बस में करीब 60 यात्री सवार थे।

हादसा अंबाजी के त्रिशूलिया घाट पर उस वक्त हुआ, जब बस अनियंत्रित होकर घाटी की रेलिंग से टकरा कर पलट गई। घायलों को पालनपुर और अंबाजी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक यात्री ने बताया कि घाट पर बस चढ़ाते समय ड्राइवर मोबाइल से रील बना रहा था। हम लोगों ने उसे मना भी किया था, बावजूद इसके वह रील बनाने में लगा रहा। इसी दौरान बस घाट पर हनुमान मंदिर के पास रेलिंग से टकराकर पलट गई। ड्राइवर मौके से भाग गया था।कुछ यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर नशे में नजर आ रहा था। इसी के चलते वह हादसे के बाद मौके से भाग निकला। पुलिस उसे जल्द पकड़कर मेडिकल टेस्ट करवाए तो पूरी सच्चाई सामने आ सकती है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बस में सवार सभी लोग अंबाजी मंदिर से दर्शन कर दांता शहर लौट रहे थे। हादसे का शिकार हुए ज्यादातर श्रद्धालु खेड़ा जिले के कठलाल गांव के रहने वाले हैं। हादसे की खबर मिलते ही पास के ही एक गांव के लोग घायलों की मदद करने पहुंचे। लोगों ने निजी वाहनों से घायलों को अंबाजी के अस्पताल में भर्ती करवाया है।

लैंड फॉर जॉब केस, लालू समेत 9 को जमानत तेजस्वी बोले- केस में दम नहीं, हमारी जीत तय



24 न्यूज अपडेट

पटना. लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल मिली। कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी।

इस मामले में आज लालू परिवार की दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। सुनवाई के लिए कोर्ट में RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, तेजप्रताप और मीसा भारती पहुंचे थे। पहली बार इस मामले में कोर्ट की तरफ से लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को समन किया गया था।

तेजस्वी यादव ने कहा, 'ये लोग बार-बार राजनीतिक साजिश करते रहते हैं। केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस केस में कोई दम नहीं है। बीजेपी जो सभी के साथ करती है वही हमारे साथ भी कर रही है। हम लोगों की जीत तय है। वहीं, सांसद मीसा भारती ने कहा, 'हमें कोर्ट पर पूरा विश्वास है। आज जो फैसला आया है, हम उसके लिए न्यायालय का धन्यवाद करते हैं।'

कोर्ट में पेशी के लिए लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी मीसा और रोहिणी के साथ रविवार को पटना से दिल्ली पहुंचे थे। तेजप्रताप पहले से ही दिल्ली में मौजूद थे। तेजस्वी दुबई से रविवार देर रात तक दिल्ली पहुंचे थे। एअर इंडिया के विमान से दिल्ली रवाना होने से पहले पटना एयरपोर्ट पर लालू प्रसाद ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और हरियाणा चुनाव में नरेंद्र मोदी की हार तय है।' वहीं, सांसद मीसा भारती ने कहा, 'हरियाणा और जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।'

राहुल ने महाराष्ट्र में दलित के घर खाना बनाया:बैंगन की सब्जी, दाल और भाजी पकाई



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक दलित परिवार के घर खाना पकाया। खाना बनाने का वीडियो उन्होंने सोमवार को X पर शेयर किया। उन्होंने लिखा- दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। वीडियो में राहुल गांधी कहते नजर आ रहे हैं कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मुझे अजय तुकाराम सनदे ने अपने घर बुलाकर किचन में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर हरभऱ्याची भाजी बनाई। इसे चने के साग की सब्जी भी कहा जाता है। साथ ही बैंगन की सब्जी और तुअर दाल बनाई। दलित क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, कोई नहीं जानता। इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इसके बारे में हमने बात की। भेदभाव और सनदे के निजी अनुभवों पर बात करते हुए हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के डॉक्युमेंटेशन के महत्व पर चर्चा की। सनदे ने राहुल से कहा- किसी के मिलेट्स खाओ बोलने से ये महंगा हो गया। दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में मिलेट्स पर जोर देते रहे हैं।

नोटों की माला पहनाने पर सांसद-विधायक में विवाद:MLA बोले- बक-बक के अलावा कोई एजेंडा नहीं; नेता क्या बैठक में समोसे खाने आए हैं?



24 न्यूज अपडेट

अलवर. भरतपुर सांसद संजना जाटव और कठूमर विधायक रमेशचंद खींची के बीच नोटों की माला को लेकर विवाद हो गया। विधायक ने सांसद से ये तक कह दिया बैठक में बक-बक के अलावा कोई बात नहीं हो रही। किसी एजेंडे को नहीं रखा गया। मुंडावर विधायक ललित यादव ने कहा- क्या नेता बैठक में समोसे खाने आए हैं?

अलवर जिला परिषद की बैठक में सोमवार को सांसद ने कठूमर में पिछले दिनों पंचायत समिति की मीटिंग में सरपंचों की ओर से विधायक को नोटों की माला पहनाने का मुद्दा उठाया। जिस पर विधायक और सांसद में तकरार हो गई। बैठक में मौजूद कांग्रेस के जिला परिषद सदस्यों ने हंगामा कर दिया।

आयड़ में टेक्स के पैसों की बर्बादी और 'जाली-साजी' का ऐसा नमूना आपने अब तक नहीं देखा होगा



24 न्यूज अपडेट

मानसून के गुजर जाने के बाद आयड़ नदी में अब मूर्खताओं की निशानियां अट्टहास करती नजर आ रही हैं। विश्वास ही नहीं हो रहा कि बड़े बड़े इंजीनियरिंग के कमाल दिखाने वाले हमारे मूर्धन्य इंजीनियर केवल राजनेताओं व कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के सामने घुटने टेकते हुए ऐसी ऐतिहासिक मूर्खताएं आखिर कैसे कर सकते हैं। नदी के पेटे में पत्थरों की सुरक्षा के नाम पर जो जालियां बिछाई गईं थी उनमें से कुछ पानी के बहाव में बह गईं। कुछ उखड़कर उपर आ गई तो कुछ जालियां चोरी हो गईं। आप इसे जरा गौर से देखिये, ये आपकी ही जेब का पैसा है जो आपने टेक्स के रूप में प्रशासन को दिया था। शायद इसलिए नहीं दिया था कि मूर्खता का खुलेआम प्रदर्शन करते हुए इसकी जालियां खरीद कर नदी के पेटे में लगाई जाएंगी। आयड़ नदी में जनता के पैसों की बर्बादी के ये निशान चीख-चीख कर बता रहे हैं कि यदि जनता जागरूक नहीं होती है, सवाल नहीं करती है व अपने टेक्स के पैसों की देखभाल का राष्ट्रधर्म नहीं निभाती है तो यह सब होता है जो इस वीडियो में दिखाई दे रहा है। बड़े-बडे दावे करते हुए किसी खास नेता के इशारे पर नाचते हुए इंजीनियरों ने अपनी बरसों की पढ़ाई और अक्ल को पानी में बहा दिया। इन जालियों को नदी के बहाव वाले पेंदे में लगवा कर झूठा दावा किया था कि पानी उपर से गुजर जाएगा, पत्थरों की सुरक्षा हो जाएगी। इस फिल्मी, काल्पनिक और जन विरोधी विचार की मानसूनी बारिश ने हवा निकाल कर रख दी। आयड़ में आनंद प्लाजा वाले छोर पर नीचे जाते ही बर्बादी के ये निशां साफ दिखाई दे रहे है। जालियों में कचरा जमा हो चुका है और वे पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं। हालत ऐसी है कि भंगार वाला भी इसे शायद नहीं ले। ऐसा लग रहा है कि जनता के 75 करोड़ को पानी में बहाने के प्लान में जहां-जिससे जो बन पड़ा, उसी ने अपनी महामूर्खता का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अब पानी बह रहा है, जालियां ठूठ बनकर पानी के रास्ते में दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। इसे हटाने के लिए भी उतना ही खर्चा करना पड़ेगा जितना इसे लगाने में किया गया था। ये वीडियो उन नेताओं के लिए भी है जो दावा कर रहे हैं कि 75 करोड़ रूपए पानी में नहीं बहे हैं, सब कुछ शानदार है। उनको बता दें कि बर्बादी के मंजरों का जेसीबी और ट्रेक्टर से भराव डालकर ठीक करने के बावजूद आनंद प्लाजा के पास की पुलिया से थोड़ा सा दूर जाते ही जगह-जगह से लगाई गई घास उखड़कर बह गई दिखाई दे रही है, वहां पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं जिनमें भरा साफ पानी पूरे शहर को डेंगू के मच्छरों का एक्सपोर्ट कर रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है यदि आयड़ नदी को नाला बनने के ये प्रयास आगे भी जारी रहे तो बर्बादी के कुछ और भयावह मंजर आने वाले समय में देखना तय है।

परिवहन दस्ते पर एसीबी की रेड, चालान राशि से 14 हजार रुपए ज्यादा मिले, तीन डिटेन



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ाः एसीबी टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हजारी खेड़ा के निकट परिवहन उड़नदस्ते पर रेड मारी है. इस दौरान एसीबी टीम ने परिवहन निरीक्षक व दो गार्ड को हिरासत में लिया है. तीनों से पूछताछ की जा रही है. टोल फ्री नंबर पर मिली शिकायतः भीलवाड़ा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एएसपी ब्रजराज सिंह चारण ने कहा कि राजस्थान लेवल पर भ्रष्टाचार की शिकायत टोल फ्री नंबर 1064 नंबर पर मिलती है. आज एक ट्रक ड्राइवर ने एसीबी मुख्यालय पर टोल फ्री नंबर 1064 पर फोन किया था और ट्रक के ओवरलोड के नाम पर परिवहन दस्ते की ओर से 10 हजार रुपए मांगने की शिकायत की थी. इस पर एसीबी टीम ने परिवादी से संपर्क किया तो परिवादी ने बताया कि उससे रुपए नहीं लिए हैं, केवल ट्रक के कागजात लेकर परिवहन दस्ता चला गया. परिवहन दस्ते की चेकिंग कीः एएसपी ने बताया कि इस दौरान नेशनल हाइवे पर परिवहन दस्ता दोबारा आ गया, जिस पर एसीबी टीम ने उसकी जांच की. इस दौरान दस्ते के पास निर्धारित चालान केस से ज्यादा रुपए मिले. इसकी जांच की जा रही है. एएसपी ब्रजराज सिंह चारण ने बताया कि 19 हजार रुपए चालान राशि के अतिरिक्त 14 हजार रुपए परिवहन दस्ते के पास ज्यादा मिले हैं. इसके बारे में परिवन निरीक्षक से पूछताछ की जा रही है. इसकी जांच करके इनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा.

सांसद ने दर्शन किए तो धर्म-स्थल का किया शुद्धिकरणःपूर्व मंत्री ने तीर्थों के जल का छिड़काव किया, हवन भी कराया



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. सांसद राजकुमार ने 14 दिन पहले जिस धर्म-स्थल पर पूजा अर्चना की थी, आज उस स्थान का शुद्धिकरण किया गया। पूर्व मंत्री धन सिंह रावत ने पूरे परिसर में तीर्थों के जल का छिड़काव किया और हवन भी कराया। मामला बांसवाड़ा जिले के प्रसिद्ध आदिवासी तीर्थ स्थल घोटिया आंबा धाम का है।

घोटिया आंबा धाम पर सोमवार को शुद्धिकरण कार्यक्रम किया गया। आयोजन आदिवासी सनातन हिंदू जन जागरण समिति ने किया। इस दौरान घोटेश्वर महादेव का गंगाजल, बेणेश्वर धाम के आबू दर्रा घाट का जल और जिले की अलग-अलग नदियों का जल लाया गया। शुद्धिकरण के लिए पूरे परिसर में पवित्र जल का छिड़काव किया गया।

पूर्व मंत्री धन सिंह रावत ने बताया- 24 सितंबर को सांसद राजकुमार रोत ने यहां दर्शन किए थे। जो लोग हिंदू धर्म को नहीं मानते, उन्होंने यहां दर्शन किए और सभा का भी आयोजन किया। इस कारण जगह का शुद्धिकरण जरूरी है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री और भाजपा नेता धन सिंह रावत के अलावा लाल सिंह पाटीदार, सरदार पारगी, सत्यनारायण मीणा, प्रभुलाल निनामा, कन्हैयालाल रावत, कैलाश चरपोटा, विट्ठल डामोर, यशपाल कटारा, मोनिका दायमा, करण डामोर आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि आदिवासी अधिकार दिवस के मौके पर भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के देखरेख में यहां कार्यक्रम रखा गया था। इसके ठीक एक दिन पहले समिति की ओर से प्रशासन को ज्ञापन देकर कार्यक्रम निरस्त करने की मांग की गई थी।

हालांकि कार्यक्रम शांति से हो गया, लेकिन सोमवार को समिति की ओर से धाम पर उस जगह का शुद्धिकरण कराया गया, जहां सांसद राजकुमार रोत ने दर्शन किए थे।

रोत बोले-जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड बनेःउपचुनाव को लेकर कहा- बीएपी अकेली चुनाव लड़ेगी



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत ने सोमवार को भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा राजस्थान में सरकार बने 10 महीने हो गए, लेकिन सीएम से लेकर मंत्रियों तक को यह पता नहीं काम क्या करना है। सांसद ने आदिवासियों के लिए जनगणना में अलग से धर्म कोड बनाने की आवाज उठाई। वहीं, विधानसभा उप चुनाव में चौरासी और सलूंबर सीट पर किसी पार्टी से गठबंधन नहीं करके भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) द्वारा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ते हुए जीत का दावा किया है। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि आदिवासियों की अलग पूजा पद्धति है। आदिवासी हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख और ईसाई नहीं है, लेकिन आदिवासियों की कोई आइडेंट टीटी नहीं होने से अपनी परिस्थिति के अनुसार धर्म अपना रहा है। उन्होंने सरकार से आदिवासियों को उनकी अपनी आइडेंट टीटी के लिए जनगणना में अलग से धर्म कोड की मांग की है।

उपचुनाव में नहीं होगा

गठबंधन, जीत का किया दावा सांसद राजकुमार रोत ने कहा की आगामी दिनों में विधानसभा उप-चुनाव हैं। ऐसी में डूंगरपुर की चौरासी विधानसभा और सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय आदिवासी पार्टी किसी पार्टी से गठबंधन नहीं करके स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दोनों जगह पर भारतीय आदिवासी पार्टी की जीत का दावा किया है।

किताबों से हटा रहे इतिहास, सामने आई भाजपा नेताओं की सोच

सांसद राजकुमार ने आदिवासी हिंदू नहीं है वाले बयानों पर कहा कि हमारा किसी भी धर्म, समाज का विरोध नहीं है, लेकिन आदिवासी अलग-अलग जगह पर बंटा हुआ है। उसे अपनी पहचान दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आदिवासी हिंदू नहीं वाले बयानों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा की 30 साल पहले एनसीआरटी की किताबों में विरसा मुंडा के जीवनी और इतिहास को लिखा गया था। जिसमें लिखा की आदिवासी हिंदू नहीं है और उनकी पूजा पद्धति अलग है, लेकिन अब किताबों से इतिहास को हटाया जा रहा है। ये भाजपा के नेताओं की सोच है। उन्होंने ये भी कहा की देश की आजादी में आदिवासी, राजपूत, ब्राह्मण सभी वर्ग का साथ रहा है, लेकिन उस समय सभी लोगों में देश प्रेम की भावना हुआ करती थी। आज देश में धर्म की राजनीति चल रही है।

भीम आर्मी और मुस्लिम समुदाय का प्रदर्शनःयति नरसिंहानंद सरस्वती के विवादित बयानों के विरोध में कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



24 न्यूज अपडेट

प्रतापगढ़. प्रतापगढ़ में भीम आर्मी और मुश्किल समुदाय ने शहर के मिनी सचिवालय में विरोध प्रदर्शन किया। यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद के खिलाफ दिए गए विवादित बयानों के विरोध में कार्रवाई की मांग की है। जिसे लेकर जिला प्रशासन को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि यति नरसिंहानंद सरस्वती ने 29 सितंबर 2024 को गाजियाबाद में एक कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के पैगंबर के खिलाफ रावण की जगह जलाने जैसे विवादित बयान दिए थे, जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों को धर्म विशेष के विरुद्ध भड़काने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि ये बयान हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के बीच घृणा और वैमनस्यता फैलाने का प्रयास है और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

भीम आर्मी और मुस्लिम समुदाय ने ज्ञापन में अराजकता फैलाने के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में भीम आर्मी और मुस्लिम समुदाय के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने की कालकामाता मंदिर में पूजा-अर्चना, एक शाम कालका माता के नाम भजन संध्या कल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शारदीय नवरात्रा के पांचवे दिन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने गणेश नगर पहाड़ा स्थित कालकामाता मंदिर में पूजा अर्चना कर देश में सुख शांति की कामना की। मंदिर पुजारी देवेन्द्र सिंह गौड़ ने प्रो. देवनानी का माता की चुनड़ी एवं पगड़ी पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कालकामाता मित्र मंडल के रमेश पालीवाल, पूर्व पार्षद विजय आहुजा, रोहित जोशी, विजय शर्मा, राजु पालीवाल, कृष्णकांत कुमावत, डॉ. पंकज उपाध्याय नरेश वैष्णव, रामजी, भरत मेघवाल, उदयसिंह हाड़ा सहित कार्यकर्ताओं ने प्रो. देवनानी का उपरणा ओढ़ा कर सम्मान किया गया। देवेन्द्र सिंह गौड़ ने बताया कि कालकामाता मित्र मंडल की ओर से कल सायं 7 बजे सेएक शाम कालका माता के नाम 12वीं विशाल भजन संध्यॉ का आयोजन किया जायेगा जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष मेनारिया एवं मधुबाला राव एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा विशेष झांकियों के साथ भजनों की प्रस्तुतियॉ देंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।